UPSI180001152007

# न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, महमूदाबाद-सीतापुर।

**फौजदारी वाद संख्या-640/2007**

**सरकार बनाम गुड्डू उर्फ रामसिंह आदि।**

**अपराध सं०-115/2007**
**धारा-324,336,504,506 भा०दं०सं०**
**थाना-रामपुर मथुरा, जिला-सीतापुर।**

## आरोप

मैं, रोहित पुरी सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, महमूदाबाद सीतापुर आप अभियुक्त **जयकरन** को निम्नलिखित आरोपों से आरोपित करता हूँ-

**1.** यह कि दिनांक-12.05.2007 को समय करीब 07.00 बजे सुबह, स्थान बहद ग्राम भागीपुर, थाना-रामपुर मथुरा, जिला-सीतापुर के सीमान्तर्गत आप अभियुक्त ने वादी मुकदमा छोटेलाल को बल्लम से मारकर उपहति कारित की। इस प्रकार आपने ऐसा आपराधिक कृत्य कारित किया जो **धारा-324 भारतीय दण्ड संहिता** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है तथा इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

**2.** यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आप अभियुक्त ने श्रीमती मुन्नी देवी व उसके लड़के पर उतावलेपन और लापरवाही से ईटा फेककर उपहति कारित किया। इस प्रकार आपने ऐसा आपराधिक कृत्य कारित किया जो **धारा-336 भारतीय दंड संहिता** के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है तथा इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

**3.** यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आप अभियुक्त ने उपर्युक्त वादी मुकदमा व अन्य को गन्दी-गन्दी गालियां देकर साशय अपमानित किया। इस प्रकार आपने ऐसा आपराधिक कृत्य कारित किया जो **धारा-504 भारतीय दण्ड संहिता** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है तथा इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

**4.** यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आप अभियुक्त ने उपर्युक्त वादी मुकदमा व अन्य को जान से मारने की धमकी देकर आपराधिक अभित्रास कारित किया। इस प्रकार आपने ऐसा आपराधिक कृत्य कारित किया जो **धारा-506 भारतीय दण्ड संहिता** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है तथा इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

एतद्द्वारा मैं निर्देश देता हूँ कि उपर्युक्त आरोप के सम्बन्ध में आप अभियुक्त का विचारण इस न्यायालय द्वारा किया जाय।

**दिनांकः-02.12.2025**

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट,
महमूदाबाद, सीतापुर।
**J.O. Code-UP3474**

आरोप अभियुक्त को पढ़कर सुनाया व समझाया गया। अभियुक्त ने आरोप को अस्वीकार किया तथा विचारण की मांग की।

**दिनांकः-02.12.2025**

( रोहित पुरी )
सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट,
महमूदाबाद, सीतापुर।
**J.O. Code-UP3474**

विजय मौर्य
(स्टेनो)

Digitally signed by ROHIT PURI
Date: 2025.12.02 17:29:46 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge (J.D)/J.M., Mahmudabad, Sitapur.